ग्रामीण विकास के लिए सुल्तानुपर जिले को आबंटित धनराशि

687.**श्री मती मालती शर्मा**: क्या ग्रामीण क्षेत्र और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) 1995-96 और 1996-97 के दौरान उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर जिले में ग्रामीण विकास के लिए योजना-वार कुल कितनी धनराशि आबंटित की गई हैंः

(ख) उपरोक्त धनराशि का किन-किन योजनाओं और उद्देश्यों के लिए ब्लाक-वार उपयोग किया गया है;

(ग) कूरेभार ब्लाक के लिए आबंटित धनराशि और पूरे किए गए कार्यो का ब्यौरा क्या हैं;

(घ) कूरेभार ब्लाक को गांधी ब्लाक और सेवर चमुरखा ग्राम सभा को गांधी ग्राम घोषित ने किए जाने के क्या कारण है; और

(ङ) इस प्रकार की घोषण कब तक कर दी जाएगी ?

ग्रामीण क्षेत्र और रोजगार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री चन्द्रदेव प्रसाद वर्मा): (क) प्रमुख योजनाओं के संबंध में सुल्तानपुर को 1995-96 और 1996-97 के लिए आबंटित राशि के ब्यौरे निम्नलिखित हैं:-

योजनाएं	आबंटित राशि (लाख रूपये में)	
	1995-96	1996-97
जवाहर रोजगार योजना*	794.89	774.51
सुनिश्चित रोजगार योजना*	400.00	340.00
समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम*	491.46	491.46
राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम(एन.एस.ए.पी.)**	194.43***	105.28

*में राज्य आंबटन शामिल हैं

** 15 अगस्त,1995 से कार्यान्वित योजनाएं

***रिलिज की गई राशि

उपर्युक्त के अलावा,अन्य प्रमुख योजना अर्थात "त्वरित ग्रामीण जल आपूर्ति कार्यक्रम" भी सुलतानपुर जिले में कार्यान्वित किया जा रहा है परन्तु इस योजना के अन्तर्गत जिलावार आंबटन नहीं किया गया है।

(ख) जवाहर रोजगार योजना सुनिश्चित रोजगार योजना,समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम,त्वरित ग्रामीण जल आपूर्ति कार्यक्रम राष्ट्रीय सामाजिक सहयता कार्यक्रम आदि प्रमुख कार्यक्रमों का कार्यान्यवन किया जा रहा है,जिनका उद्देश्य मजदूरी रोजगार स्रोजगार,स्वच्छ पेयजल सुविधा प्रदान करना तथा वृद्त दीन-हीनों का आजीविका कमाने वाले प्रमुख व्यक्ति की मृत्यु होने पर उसके आश्रितों तथा गरीबी रेखा से नीचे बसर करने वाले गरीब परिवारों की गर्भवती महिलाओं को सामाजिक सहायता उपलब्ध करवाना हैं।

(ग)खण्डवार सूचना की केन्द्र स्तर पर निगरानी नहीं की जाती हैं

(घ) और (ङ) देश में केवल 125 अत्यधिक पिछड़े और अल्प विकसित विकास खण्डों को गांधी खण्ड घोषित किया गया था। कूरेभार विकास खण्ड इन 125 विकास खण्डों में शामिल नहीं किया गया था। इसके अलावा,किसी भी ग्राम सभा को गांधी क्रम घोषित करने की कोई योजना केन्द्र के पास नहीं है।

Monitoring of Employment Schemes

688. SHRI RAM GOPAL YADAV: Will the Minister of RURAL AREAS AND EMPLOYMENT be pkased to state:

(a) whether there is any unit for monitoring the employment sohem«s sponsored and financed by the Central Government; and

(b) if so, whether any report about their performance is prepared annually?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RURAL AREAS (SHRI CHANDRADEO PRASAD VERMA): (a) and (b) The monitoring mechanism for the employment schemes sponsored and financed by the Central Government consist, *inter-alia,* of obtaining periodical progress reports-tetums financial return*' audit reports, intensive field inspections, reviews and. monitoring by committees and by senior officers with the State Secretaries, Commissioners etc. Various programmes including employment schemes are also concurrently evaluated from time to time.